हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 18 नवंबर 2025

04 300 से 400 लोगों ने अभी तक नहीं दिया नोटिस का...



08 एसआईआर कार्य को गंभीरता से करें लापरवाही...





## खबर संक्षेप

### एंटीबायोटिक जागरूकता सप्ताह 24 तक

**नर्मदापुरम।** 18 से 24नवंबर तक विश्व एंटीबायोटिक जनजागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा इस वर्ष का थीम निर्धारित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. नरसिंह गेहलोत ने बताया कि राज्य की स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करने के लिए एंटीबायोटिक के उचित उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु एंटीबायोटिक पॉलिसी तैयार की गई है। इस नीति के प्रभावी परिणाम धीरेधीरे दिखाई दे रहे हैं।

### 19 करोड़ 31 लाख का सरचार्ज हुआ माफ

**नर्मदापुरम।** विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 का लाभ हजारों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरणर कंपनी ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में अब तक 28 हजार 478 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 35 करोड़ 47 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 19 करोड़ 31 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है।

### कमिश्नर ने संभागीय समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# कृषि विभाग सप्ताह में एक दिन जैविक हाट अवश्य लगाएंः कमिश्नर

**संभागायुक्त ने सोमवार को कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों की बैठक ली। इस दौरान कमिश्नर ने समय-सीमा के प्रकरणों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को निर्देश भी दिए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में उपसंचालक कृषि जे आर हेडाऊ को निर्देश दिए कि वह सप्ताह में 1 दिन जिले में किसी भी स्थान पर जैविक हाट बाजार लगाना सुनिश्चित करें। जैविक हाट बाजार में जैविक सामग्री, जैविक खाद एवं औषधि की मार्केटिंग की जाए। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन को निर्देश दिए कि वह इटारसी में बनाए गए स्मार्ट फिश पार्लर में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए उसका संचालन शुरू करवाए। कमिश्नर ने जिले में पुनः कई जगह नरवाई जलाने की घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी किसानों को समझाइश दी जाए कि वह नरवाई ना जलाएं। उन्होंने एक बगिया मां के नाम के तहत दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।



#### गौशालाएं बढ़ाए जाने के दिए गए निर्देश

उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग की कामधेनु योजना में अदयतन प्रगति लाने के निर्देश दिए साथ ही कहां की गौशालाएं बढ़ाने की दिशा में भी संबंधित विभाग आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के तहत केस कल्चर के तहत बजट आवंटन की मांग करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिलों में केस कल्चर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है अतः बजट शासन से प्राथमिकता से मांग कर लक्ष्य की पूर्ति की जाए। कमिश्नर ने राम पथ गमन पथ पर विकास कार्य करने के भी निर्देश दिए, और कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातिय कार्य विभाग विद्यार्थियों को समय पर शिष्यावृती एवं छात्रवृत्ति देना सुनिश्चित करें।

#### जिला चिकित्सालय का आकस्मिक दौरा करें कलेक्टर

कमिश्नर ने सभी कलेक्टर को जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए साथ ही उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि वह जिला पोषण विकास समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करें। उन्होंने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि वह आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान प्रारंभ कराए और दिए गए लक्ष्य के अनुसार सत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। 70 वर्ष से अधिक एवं सामान्य वाला कार्ड भी दिए गए लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत बनाया जाए। कमिश्नर ने गत दिसंबर माह में हुए इन्वेस्टर कॉन्क्लेव में लिए गए निर्णय एवं वादे को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वकर्मा योजना अंतर्गत हितग्राहियों को ऋण वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही कहां की विश्वकर्मा योजना के तहत ऋण वितरण की मॉनीटरिंग भी सजग रूप से की जाए। कमिश्नर ने जिला स्तरीय कौशल विकास समिति की बैठक भी नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई अधिकारी उक्त बैठक आयोजित करें। उन्होंने जगह-जगह बनाई जा रही अवैध कॉलोनी को नियंत्रित करने के निर्देश दिए।

# खंडवा में मिले गुमशुदा बृजेश चौधरी, पूछताछ करेगी पुलिस

### शनिवार को पांच लाख रुपए सहित गायब हो गए थे चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



बेटी की ससुराल के लिए बड़ी राशि लेकर निकले बुजुर्ग गायब, पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग करीब पांच लाख रुपए की बड़ी राशि सहित गायब हो गए हैं। जिनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना क्षेत्र में परिजनों ने दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार सूचनाकर्ता अमित चौधरी पिता मेहरबान सिंह चौधरी निवासी त्रिशूल वाले बाबा के पास पचमढ़ी रोड थाना स्टेशन रोड पिपरिया के द्वारा इस आशय की सूचना दी गई कि वह ठेकेदारी का काम करता है। शनिवार 15 नवंबर 2025 की दोपहर एक बजे सूचनाकर्ता के चाचा बृजेश चौधरी पिता नारायण सिंह चौधरी 45 वर्ष निवासी केसला थाना बनखेड़ी अपने घर से करीबन पांच लाख रुपए लेकर पालाखेड़ी ब्लॉक सोहागपुर स्थित बेटी की ससुराल राशि देने के लिए बाइक से निकले थे। शाम पांच बजे पालाखेड़ी से शिवराज पटेल ने सूचनाकर्ता को फोन किया तथा बताया कि ससुर बृजेश चौधरी पालाखेड़ी नहीं पहुंचे हैं। तो चाचा को फोन लगाया, लेकिन चाचा ने फोन नहीं उठाया तो परिवार एवं अन्य लोगों ने चाचा बृजेश चौधरी की तलाश की। तलाश में व्यास पेट्रोल पंप के आगे पिपरिया रोड शोभापुर में चाचा बृजेश की डिस्कवर मोटरसाइकिल खड़ी मिली जिबका मास्क टूटा हुआ था। बृजेश चौधरी का कोई पता नहीं चला। बृजेश चौधरी का मोबाइल भी शनिवार शाम बजे से बंद है। परिवार, रिश्तेदारों एवं सभी जगह तलाश करने पर बृजेश चौधरी का कोई पता नहीं चला है। सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की है। गुमशुदा की तलाश की जा रही है। सोहागपुर पुलिस के अनुसार यदि किसी को बृजेश चौधरी से संबंधित कोई सूचना या खबर हो तो थाना सोहागपुर के मोबाइल व्हाट्सएप नंबर 770 1052276 अथवा चौकी शोभापुर से संपर्क करें।

शनिवार दोपहर सोहागपुर थाना क्षेत्र से बृजेश चौधरी निवासी केसला थाना बनखेड़ी गायब थे। चौधरी खंडवा में सुरक्षित मिले हैं, जिनसे पुलिस पूछताछ करेगी, क्योंकि चौधरी जब गायब हुए तब उनके पास पांच लाख रुपये थे।

सोहागपुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले में गुमशुदा के परिजनों, सोहागपुर तथा खंडवा पुलिस सहित सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई खबरों का असर हुआ है। तथा गुमशुदा का पता खंडवा स्थित धूनी वाले दादा मंदिर में होना पाया गया। खंडवा पुलिस की मदद ली गई व गुमशुदा के द्वारा परिजनों से संपर्क किया गया है। गुमशुदा बृजेश चौधरी के परिजन उन्हें लेकर घर आ गए हैं। गुमशुदा के अभी पुलिस थाने में स्टेटमेंट नहीं हुए हैं तथा शीघ्र ही स्टेटमेंट होने पर अन्य जानकारी प्राप्त की जाएगी।

#### यह था मामला

सोहागपुर पुलिस के अनुसार शनिवार 15 नवंबर 2025 की दोपहर एक बजे बृजेश चौधरी पिता नारायण सिंह चौधरी 45 वर्ष निवासी केसला थाना बनखेड़ी अपने घर से करीबन पांच लाख रुपए लेकर पालाखेड़ी ब्लॉक सोहागपुर स्थित बेटी की ससुराल राशि देने के लिए बाइक से निकले थे। शाम पांच बजे पालाखेड़ी से शिवराज पटेल ने सूचनाकर्ता को फोन किया तथा बताया कि ससुर बृजेश चौधरी पालाखेड़ी नहीं पहुंचे। तो चाचा को फोन लगाया, लेकिन चाचा ने फोन नहीं उठाया तो परिवार एवं अन्य लोगों ने चाचा बृजेश चौधरी की तलाश की।

#### पेट्रोल पंप के पास खड़ी मिली बाइक

तलाश में व्यास पेट्रोल पंप के आगे पिपरिया रोड शोभापुर में चाचा बृजेश की डिस्कवर मोटरसाइकिल खड़ी मिली जिबका मास्क टूटा हुआ था। अब पुलिस मामलेन में जांच आगे बढ़ाएगी।

# कठपुतली और नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के माध्यम से जन जागरूकता लाई जा रही है। तत्संबंध में महिला एवं बाल विकास संचालनालय के निर्देशानुसार भोपाल के कलाकारों द्वारा कठपुतली और नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं व बच्चों से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी हेतु जिले की विविध परियोजनाओं में आयोजित किये जा रहे हैं।

# जिले भर में मतदाता सघन पुनरीक्षण कार्य जारी, सतत निरीक्षण कर रहे सेक्टर अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समूचे भारत में मतदाता सूची का सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी है। सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में भी सेक्टर अधिकारियों को कार्य के सघन निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं।

निर्देश के पालन में सोहागपुर ब्लॉक में समस्त सेक्टर अधिकारी आरओ अर्थात एसडीएम प्रियंका भल्लावी के मार्गदर्शन में व उनके निर्देशानुसार अपने-अपने सेक्टर क्षेत्र में मतदाता सूची सघन प्रशिक्षण कार्य का सतत निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में गत दिवस सेक्टर अधिकारी जसिंता तिग्गा ने नकटुआ, अकोला, कोहानी, बरबटपुर आदि ग्रामों के मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदाता सूची सघन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान तिग्गा ने सुपरवाइजर तथा बीएलओ को तय समय सीमा में लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिये हैं। सोहागपुर ब्लॉक मुख्यालय स्थित निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरओ प्रियंका भल्लावी द्वारा नियमित ही सेक्टर अधिकारियों से जानकारी लेकर कार्य समीक्षा की जा रही है।



# अनन्या ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता हुई संपन्न, विजेता खिलाड़ी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला शतरंज संघ नर्मदापुरम द्वारा आज एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन अनन्या ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के 19 एवं जूनियर वर्ग के 47 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जूनियर वर्ग में 6 राउंड तथा सीनियर वर्ग में 5 राउंड खेले गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला शतरंज संघ के संरक्षक अतुल सेठा एवं पार्षद रोहित गौर एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता आलोक राजपूत ने की। सीनियर वर्ग में भूपेंद्र जाटव ने पाँचों राउंड जीतकर 5 अंक अर्जित किए और सीनियर के सरताज बने। द्वितीय स्थान, योगेश तिवारी, तृतीय स्थान, याकूब खान वहीं टॉप फाइव खिलाड़ी में सक्षम सिंह, राजपूत गणेश उच बगले, शंकर लाल चौरे, पी.एन. यादव एवं दीपक मेहरा। बेस्ट महिला खिलाड़ी दीपिका मालाकार, बेस्ट पुरस्कार राम अवतार चौरे जूनियर वर्ग परिणाम तथा जूनियर वर्ग में सात्विक शर्मा ने सभी 6 राउंड जीतकर 6 अंक हासिल किए।

# राष्ट्रीय गौरव बिरसा मुंडा जयंती पर किया कार्यक्रम, पाठ्य पुस्तकों का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



राष्ट्रीय गौरव भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर गत दिवस शासकीय कन्या विद्यालय सोहापुर में एक आयोजन किया गया। जिसमें नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी तथा मप्र जन अभियान परिषद नगर समिति के अध्यक्ष अभिनव पालीवाल उपस्थित थे। मप्र जन अभियान परिषद् व सतना विवि द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की रविवारीय कक्षा में यह आयोजन किया गया। भगवान विरसा मुंडा की जयंती पर्व मनाया। जिममें मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी ने विरसा मुंडा पल वक्तव्य दिया। इस इस अवसर पर विद्यार्थियों को अतिथियों ने पाठ्यक्रम पुस्तकों का निशुल्क वितरण किया। विकासखंड समन्वयक किशोर कड़ोले ने पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र सिंह ठाकुर ने किया। इस दौरान नवांकुर संस्था से संदेश मिश्रा, कमल किरार, मंजु पंवार, श्याम सिंह मीना, पुष्पेंद्र व्यास, किसन अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

# कथकनृत्य, लोकनृत्य, रूप सज्जा कार्यशाला हुई प्रारंभ

### 17 नवंबर से 22 नवंबर तक होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के रैपेट्री अनुदान अंतर्गत कथकनृत्य, लोकनृत्य, रूपसज्जा (मेकअप) की कार्यशाला दिनांक 17 नवंबर 2025 से 22 नवंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का आयोजन साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति नर्मदापुरम द्वारा किया जा रहा है। इसमें स्कूल के छात्र छात्राओं को शास्त्रीय नृत्य कथक की विधिवत जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही लोकनृत्य एवं रूपसज्जा के बारे में भी विस्तार से सिखाया जाएगा। त्रिदेवाशीष नृत्य एवं नाट्य एकेडमी लखनऊ से आमंत्रित प्रशिक्षक तनुजा ओली सनवाल, अवंतिका शर्मा एवं नीलम जोशी विधिवत प्रशिक्षण देंगे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम के सहयोग से विद्यालय परिसर में की जाने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य एवं रूपसज्जा (मेकअप) में छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित करना है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य शुभम चौहान, समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जय जय देव हरे, गीत से भक्तिमय हुआ वातावरण, नन्हें गायकों ने दी शानदार प्रस्तुति

### समेरिटन्स स्कूल में हुआ संगीतमयी सुमधुर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर में सोमवार को प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में बच्चों ने जय भगवान जगन्नाथ का प्रसिद्ध भजन जय जय देव हरे गाया तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अवसर था प्राथमिक विभाग के बच्चों के पुरस्कार वितरण का।

विद्यालय में आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में डीपीसी राजेश जायसवाल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है।

उन्होंने विद्यालय के संस्कारक्षम वातावरण की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में जायसवाल समेत डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा, प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, विक्रांत खंपरिया, आरके सिंह, राजेंद्र रघुवंशी आदि ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

### नर्मदा कॉलेज में हुआ विवेकानंद समिति द्वारा युवा सम्मेलन


# स्वामी विवेकानंद भारत में ऐसे युवा तैयार करना चाहते थे जो चुनौतियों का डटकर सामना कर सकें: डॉ मित्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदा कॉलेज में आज विवेकानंद समिति द्वारा युवा सम्मेलन पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य युवाओं को चरित्र निर्माण अध्यात्म और देशभक्ति की भावना पर विवेकानंद के विचारों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ आलोक मित्रा ने विषय प्रवर्तन करते हुए अतिथि सन्यासियों का परिचय कराया। स्वामी ज्ञान गमयानंद जी, स्वामी विरेशानंद जी स्वामी प्रपत्यानंद और स्वामी नित्यानंद जी विभिन्न शहरों से पधारे। उन्होंने क्रमशः स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत में ऐसे युवा तैयार करना चाहते थे जो चुनौतियों का डटकर सामना कर सकें। शिकागो व्याख्यान, कोलंबो ,जाफना, शिवगंगा,मदुरै, मद्रास में वेदान्त दर्शन और उपनिषदों के प्रचार-प्रसार द्वारा जागरूक किया।उनका कहना था कि हिंदुस्तानियों के लिए अध्यात्म आवश्यक है अन्यथा पश्चिमी देशों की तरह खोखले हो जाएंगे। धर्म संस्कृति लेकर चलो, राष्ट्र की सेवा के लिए सदाचारी बनें तथा नैतिक, शारीरिक, मानसिक, चारित्रिक बल से आत्मविश्वासी बनें ।अपने एक-एक पल का सदुपयोग करें, संगठित होकर रहें ।उन्होंने यह भी बताया कि स्वामी जी कहा करते थे भारतीयों को वेदांत और अध्यात्म से जोड़ने पर अनेक समस्याओं को खत्म किया जा सकता है। ओजस्वी व्याख्यान में स्वामी गमयानंद जी ने छात्रों को अनेक उदाहरण घटनाएं और विवेकानंद जी के शिष्यों से वार्तालाप संवाद प्रस्तुत किए।डॉ राजीव शर्मा ने भी विवेकानंद के चरित्र और दर्शन पर विचार रखे। संगोष्ठी के अंत में विवेकानंद जी का साहित्य वितरित किया गया।डॉ कल्पना विश्वास ने आभार डॉ मनीष परिहार ने संचालन किया। डॉ ममता गर्ग, डॉ अंजना यादव ने प्रतिवेदन तैयार किया। डॉ यास्मीन खान, डॉ शबनम कुरैशी, मेघा रावत, रीनू वर्मा, कविता उइके तथा एन सी सी कैडेट्स सहित अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब एवं युवाओं ने किया बच्चों को निशुल्क टीशर्ट वितरण



**माखननगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति तथा शिवांश गारमेन्ट्स अमय सुदेश मालवीय द्वारा बच्चों को 30 टीशर्ट वितरित की गई इस अवसर पर डाक्टर अक्षय तिवारी, लायंस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत,दीपक वर्मा, संजय वर्मा, कलाश भगोरिया,नवांकुर संस्था अध्यक्ष नीतिराजसिंह यादव,सचिव मनोज परसाई,कोषाध्यक्ष रामकृष्ण यादव, उपाध्यक्ष रीता नीतिराज सिंह यादव, वीरेंद्र यादव मानागांव, सतीश यादव कोटगांव, प्रदीप यादव, तथा भारत उदय गुरुकुल स्कूल गूजरवाड़ा के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### विशेष गहनपुनरीक्षण कार्यों का किया निरीक्षण

**बैतूल।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे निर्वाचक नामावली के विशेष ग्रहण पुनरीक्षण- 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने सोमवार को आमला क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस मौके पर एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती जाट ने बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से प्राप्त किए जा रहे गणना प्रपत्रों के संग्रह एवं उनके डिजिटल अपडेट की प्रगति जानी। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी मतदाताओं को प्रपत्र भरने में किसी प्रकार की दिक्कत आ रही हो, वहां बीएलओ आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उन्होंने जनपद पंचायत एवं नगर निकाय के कर्मचारियों को भी इस प्रक्रिया में बीएलओ का सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्रीमती जाट ने बीएलओ को समय-सीमा के भीतर सभी गणना प्रपत्र एकत्रित कर शीघ्र डिजिटल प्रविष्टि पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुनरीक्षण अभियान की गति तेज की जाए, ताकि सभी कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण हो सकें।

### कृत्रिम गर्भाधान में कागजी खेल का आरोप

**बैतूल।** मध्य प्रदेश सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ जिला शाखा बैतूल ने जिला अध्यक्ष मन्नूलाल चिल्हाटे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए पशुपालन विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों पर मनमानी, आंकड़ों की बाजीगरी और कार्यकर्ताओं पर अनुचित दबाव डालने के गंभीर आरोप लगाए। संघ ने कहा कि कृत्रिम गर्भाधान एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इसका उद्देश्य उन्नत नस्ल के पशु तैयार कर दुग्ध उत्पादन बढ़ाना है, लेकिन विभागीय अधिकारी कागजी लक्ष्य पूरे करने के लिए एक-एक कार्यकर्ता से प्रतिदिन 20-20 गर्भाधान कराने का अमानवीय दबाव बना रहे हैं, जो किसी भी परिस्थिति में संभव नहीं है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रशासनिक अधिकारी तकनीकी और वैज्ञानिक प्रक्रियाओं की समझ के बिना मनमाने आदेश लागू कर रहे हैं, जिससे न पशुपालकों का हित साधेगा न विभाग का उद्देश्य पूरा होगा। संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस गंभीर मामले पर तत्काल संज्ञान लेकर ऐसे अव्यावहारिक और अमानवीय निर्देशों को रोकने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में डीडी झाड़े, डीडी मर्सकोले, सुरेश वट्टी, सीएल वामनकर, जेएस उइके, नीलिमा मालवीय, काशीराम सलाम, लक्ष्मी आहाके, सखाराम सिरसाम, सरिता चौहान, रूपेश उबनारे, मनीषा कापसे, नम्रता भारती, कमलेश जावलकर और सुभाष टेकाम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### योग साधना में दिखेगा बैतूल का दम

**बैतूल।** पूरे भारत वर्ष से आमंत्रित योग कार्यकर्ताओं के बीच जिले की योग क्षेत्र में लगातार छह वर्षों से सक्रिय और कर्मठ बहनों का चयन हरिद्वार के पतंजलि योग पीठ शिविर के लिए हुआ है। जिले की ये बहनें अपनी-अपनी तहसीलों में निरंतर योग, ध्यान, प्राणायाम और आसनों का प्रशिक्षण देकर महिलाओं में योग और अध्यात्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने में विशेष योगदान दे रही हैं। इन बहनों के प्रयास से गांवझतहसील स्तर पर योग का दायरा बढ़ा है और महिलाओं का सर्वांगीण उत्थान हो रहा है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी में पंतजलि महिला योग समिति, बैतूल की जिला अध्यक्ष संगीता अवस्थी का सतत मार्गदर्शन रहा है, जिसके परिणामस्वरूप ही जिले की कर्मठ योग साधक बहनें हरिद्वार योग शिविर के लिए पहुंचीं। जिले से हरिद्वार पतंजलि पीठ योग शिविर में शामिल होने वाली बहनों में कल्पना उइके जिला सहप्रभारी, संगीता तहकित तहसील प्रभारी बैतूल (उत्तर), उर्मिला पवार तहसील प्रभारी बैतूल (दक्षिण), रानी नामदेव तहसील प्रभारी शाहपुर, नीलम गुप्ता तहसील सह प्रभारी घोड़ाडोंगरी, रोशनी आर्य तहसील प्रभारी भीमपुर, भारती मालवी तहसील प्रभारी चिचोली, प्रीति साहू कर्मठ कार्यकर्ता तथा मृणालिनी दत्ता तहसील सह प्रभारी आमला एवं जिला कार्यालय प्रभारी शामिल हैं। प

## राशन सूची से बाहर हुए 2200 अपात्र

# 300 से 400 लोगों ने अभी तक नहीं दिया नोटिस का जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में ऐसे भी लोग थे, जो अपात्र होने के बावजूद सरकारी राशन का लाभ ले रहे थे। ऐसे लोगों पर शासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रशासन ने जिले में करीब 2200 अपात्र लोगों को राशन सूची से बाहर कर दिया है। वहीं जिन लोगों ने नोटिस का जवाब नहीं दिया है, उनके नाम भी हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दरअसल सरकार की राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने और फर्जी कार्डधारकों पर लगाम कसने के लिए ई केवाईसी अनिवार्य कर दी है। साल की शुरुआत से ही प्रक्रिया की जा रही थी। इसके लिए समय-समय पर कसावट भी लाई गई। ताकि फर्जी लोग सामने आ सके। इसके आधार पर नगरीय निकायों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक जाकर केवाईसी कराई गई। जिसके बाद अपात्र लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, वहीं जांच के बाद उन लोगों के नाम सूची से बाहर कर दिये, जो अपात्र होते हुए भी सरकारी राशन ले रहे थे। अब शासन के निर्देशानुसार ई केवाईसी कर प्रक्रिया पूरी करने वाले पात्र लोगों को ही राशन दिया जा रहा है। जो अपात्र पाए गए, ऐसे करीब 2200 लोगों के नाम सूची से बाहर कर दिये है। इस प्रक्रिया का मकसद जरूरतमंदों को ही राशन देना है।



### 3657 लोगों को थमाए नोटिस, उसके बाद कार्रवाई

ई-केवाईसी की प्रक्रिया के बाद खाद्य विभाग ने जिले में 3657 लोगों को नोटिस दिए थे। इनमें 510 कंपनी डायरेक्टर, हेडमास्टर, सरकारी कर्मचारी और बड़े कारोबारी भी शामिल हैं। इनमें 3,118 परिवार ऐसे हैं जिनकी वार्षिक आय 6 लाख से अधिक है, फिर भी ये बीपीएल कार्डधारी हैं। इतना ही नहीं, 29 परिवार ऐसे हैं जिनका कारोबार 25 लाख से अधिक टर्नओवर का है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि 510 से अधिक कंपनी डायरेक्टर करोड़ों का बिजनेस करने के बावजूद वह प्रतिमाह राशन ले रहे थे। लेकिन विभाग ने जांच के बाद 2200 लोगों के नाम सूची से बाहर कर दिये। सूत्रों से पता चला है कि अभी भी 300 से 400 लोग ऐसे निकले, जिन्होंने न तो नोटिस का जवाब दिया, न ही अपनी पात्रता साबित कर पाए। विभाग द्वारा इनके भी नाम सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### जिले में 660 दुकानों से बंटता है राशन

बताया गया कि जिले में 660 राशन दुकानें है। इनके माध्यम से प्रतिमाह करीब 3 लाख 10 हजार परिवारों के लगभग 12,53,127 हितग्राही सदस्य हैं, जो प्रतिमाह राशन लेते हैं। जिन्हें सरकार की योजना अंतर्गत गेहूं-चावल वितरित किया जाता है। लेकिन जिले में कुछ अपात्र भी सरकारी राशन का लाभ ले रहे थे, जबकि शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति सरकारी अनुदान का लाभ नहीं ले सकते। खाद्य अधिकारी कृष्ण कुमार टेकाम के मुताबिक जो भी परिवार अपात्र पाए है, उनके नाम राशन सूची से बाहर किया जा रहा है। बता दे कि पात्र लोगों को ही पात्रता पर्ची से खाद्यान्न मिले, इसके लिए ईकेवाईसी कराई गई थी। क्योंकि बड़ी संख्या में लोग ऐसे हैं जो अपात्र होते हुए भी राशन ले रहे हैं। इन लोगों को चिन्हित करने इनकी सूची तैयार की गई थी।

### सिर्फ इन्हें ही राशन पर्ची की पात्रता

जानकारी के अनुसार राशन की नवीन पर्ची के लिए 29 कैटेगरी अंत्योदय अन्न परिवार, बीपीएल परिवार, वन अधिकार पट्टेधारी, भूमिहीन कोटवार, मप्र में निवासरत अनुसूचित और अनुसूचित जनजाति परिवार जो शासकीय सेवारत या आयकर दाता न हो, संनिर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत आने वाले श्रमिक, बंद पड़ी मिलों के पूर्व नियोजित श्रमिक, बीड़ी श्रमिक, भूमिहीन खेतीहर मजदूर, रिक्शाचालक, ठेलाचालक, फेरी वाले, शहरी घरेलू कामकाजी कर्मी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राही, विकलांग, वृद्धाश्रम में रहने वाले, दिव्यांग जन 40 फीसदी से अधिक निशक्तता संबंधी, कुली, हम्माल और तुलावटी, बुनकर और शिल्पी, एचआईबी संक्रमित, मुछआरे, व्यवसायिक वाहन चालक, परिचालक, घुमक्कड़, केश शिल्पी, अन्य वंचित वर्ग, कुष्ठ रोग पीड़ित, ट्रांसजेडर और कोविड बाल कल्याण योजना शामिल हैं।

### नाम हटाए हैं

*जांच के बाद राशन सूची से करीब 2200 लोगों के नाम हटाये है। 300 से 400 लोगों ने नोटिस का जवाब नहीं दिया है। जिसके कारण इनके भी नाम हटाने की प्रक्रिया की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार ई केवाईसी कर प्रक्रिया पूरी करने वाले पात्र लोगों को ही राशन दिया जा रहा है, जो अपात्र पाए गए हैं, ऐसे लोगों के नाम जांच के बाद सूची से बाहर किये जा रहे हैं।*

*- कृष्ण कुमार टेकाम, जिला खाद्य अधिकारी, बैतूल*

## प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

# बालक कन्या टीम ने छतरपुर में जीता कांस्य पदक



**बैतूल।** छतरपुर में आयोजित 69वीं शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बैतूल जिले के बालक एवं कन्या क्रीड़ा परिसर के खिलाड़य़ों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया। बालक क्रीड़ा परिसर के 16 और कन्या क्रीड़ा परिसर की 15 छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करते हुए बैतूल जिले के लिए कांस्य पदक हासिल कर जनजाति कार्य विभाग का नाम गौरवान्वित किया। दल प्रबंधक सुनील सूर्यवंशी ने बताया कि सहायक आयुक्त के मार्गदर्शन में खिलाड़य़ों को विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया, जिसका शानदार परिणाम इस बार देखने को मिला। प्रशिक्षक कैलाश वराठे और नेहा के निर्देशन में खिलाड़य़ों ने बेहतरीन खेल दिखाया। प्रशिक्षक कैलाश वराठे ने बताया कि 15 वर्षों बाद यह बड़ी उपलब्धि कन्या क्रीड़ा परिसर की छात्राओं ने अपने नाम की है। इससे पहले भी इन्हीं छात्राओं ने बेसबॉल में बैतूल जिले को रजत पदक दिलाया था।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ गौरव पखवाड़ा का समापन




**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में सोमवार को जनजातीय गौरव पखवाड़ा का समापन हुआ। इस पखवाड़े का उद्देश्य छात्रों में जनजातीय समाज की गौरवमयी परंपराओं, वीर नायकों तथा सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूकता और सम्मान की भावना विकसित करना था। पूरे पखवाड़े के दौरान विद्यालय में अनेक रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें जनजातीय नृत्य, नाटक, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण, समूहगीत, सामूहिक भोज तथा आदिवासी गाँव का शैक्षणिक भ्रमण प्रमुख रहे। इन गतिविधियों ने छात्रों को जनजातीय संस्कृति, जीवनशैली और ऐतिहासिक योगदान से निकटता से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन दिवस पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जनजातीय नायकों एवं विरासत पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रशांत पैलवर ने कहा कि जनजातीय गौरव पखवाड़ा विद्यार्थियों के लिए अपनी सांस्कृतिक जड़ों को समझने और जनजातीय समाज के योगदान को आत्मसात करने का उत्कृष्ट अवसर है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में संवेदनशीलता, राष्ट्रीय गौरव और सामाजिक समरसता की भावना को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं

# सार्वजनिक स्थानों पर अलाव व्यवस्था सुचारू रहेः अपर कलेक्टर वंदना जाट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अपर कलेक्टर वंदना जाट ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा कर सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाताओं द्वारा भरे हुए गणना पत्रक के एकत्र करने और उनके डिजिटाइजेशन में गति लाएं। एसआईआर में सभी जनपद और नगरीय निकायों का अमला भी बीएलओ का सहयोग करें।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी ऐसे बीएलओ जिनकी प्रगति कम हैं, उनकी सतत समीक्षा की जाएं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने बताया कि एसआईआर में मतदाताओं की मैपिंग में जिला पूरे प्रदेश में अव्वल रहा हैं। इसी प्रकार गणना पत्रक वितरण में भी जिला प्रदेश में अग्रणी है। अब मतदाताओं से भरे हुए गणना पत्रक एकत्र करने का कार्य बीएलओ द्वारा घर घर जाकर किया जा रहा हैं। साथ ही उसका डिजिटाइजेशन भी होना है। इस कार्य में भी सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार विस्तार से समीक्षा कर शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किए जाने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने सामाजिक न्याय, श्रम ,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, राजस्व इत्यादि विभागों को शिकायतों का विशेष ध्यान देकर शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के भी निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शीतकाल को देखते हुए सभी नगरपालिकाओं को सार्वजानिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिए। उन्होंने सारणी नगर पालिका को भी अलाव व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए निर्देशित किया।

### भावांतर भुगतान योजना की प्रगति की समीक्षा

भावांतर भुगतान योजना की प्रगति की भी समीक्षा कर उन्होंने जिन किसानों को खाता त्रुटि के कारण भुगतान नहीं हो पाया है, उनका खाता सुधार कर शीघ्र भुगतना किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मंडियों में योजना का व्यवस्थित क्रियान्वयन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ई ऑफिस प्रणाली के संचालन की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी तहसील ई ऑफिस के क्रियान्वयन में विशेष ध्यान दें। विजन डॉक्यूमेंट की समीक्षा कर उन्होंने शेष विधानसभाओं से समन्वय कर शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए।

### लाइनमैन को लगा करंट, अस्पताल में भर्ती

**बैतूल।** मासोद इलाके में सोमवार को बिजली विभाग के एक लाइनमैन को डीपी पर काम करते समय करंट लग गया। करंट लगने से उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना सोमवार दोपहर 11 से 12 बजे के बीच हुई। 57 वर्षीय रघुराज कुमरे बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत हैं और वे मासोद में एक डीपी पर नियमित कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें अचानक तेज करंट का झटका लगा। जानकारी मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तत्काल मासोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया।

# आदिवासी कन्या परिसर की छात्राओं ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

## खराब खाने और अधीक्षक पर लगाया अनुचित व्यवहार का आरोप



**बैतूल।** आदिवासी कन्या परिसर की छात्राएं सोमवार सुबह स्कूल ड्रेस में कलेक्ट्रेट पहुंचीं और मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गईं। छात्राओं ने आरोप लगाया कि छात्रावास में खराब भोजन मिलता है। छात्राओं ने अधीक्षक पर अनुचित व्यवहार और बुनियादी सुविधाओं की कमी का भी आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर बैतूल एसडीएम मौके पर पहुंचे और छात्राओं की शिकायतें सुनीं। एसडीएम ने तत्काल स्कूल प्राचार्य को फोन कर छात्राओं की शैक्षणिक समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। बता दे कि कन्या परिसर आदिवासी विकास विभाग के तहत सदर इलाके में संचालित होता है। सहायक आयुक्त विवेक पांडे के अवकाश पर होने के कारण, एसडीएम ने प्रभारी अधिकारी को सभी शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। छात्राओं ने अधिकारियों को बताया कि छात्रावास के भोजन में अक्सर इल्लियां निकलती हैं और उसकी गुणवत्ता बेहद खराब है। हालांकि, छात्राओं ने मीडिया से बात नहीं की। इस शिकायत पर एसडीएम ने तहसीलदार पूनम साहू को मौके पर भेजकर निरीक्षण करने और जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने शाहपुर के एकलव्य छात्रावास के सैकड़ों छात्र भी इसी तरह की समस्याओं से परेशान होकर 36 किलोमीटर पैदल चलकर बैतूल की ओर आ गए थे। उस समय कलेक्टर ने रास्ते में पहुंचकर उन्हें समझाया था। उस मामले की जांच वर्तमान में भोपाल और दिल्ली के अधिकारी कर रहे हैं, जिसमें शिकायतें गंभीर पाए जाने पर प्राचार्य को हटा दिया गया था और दो कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

*बैतूल। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठी बाजार में 14 नवम्बर को एवं संस्कार विद्या मंदिर भग्गूढाना में 17 नवंबर को जागरूकता गतविधियां आयोजित की गई। इस दौरान तम्बाकू नोडल अधिकारी डॉ. शुभांजलि बंसोड, दंत चिकित्सक डॉ पूजा गंगारे एवं डॉ. अंकित मोहन द्वारा तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों पर जागरूकता व्याख्यान, शपथ ग्रहण और मौखिक स्वास्थ्य पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदाय की गई। साथ ही विद्यार्थियों को अपने परिवार, आस-पास पडोस, रिश्तेदारों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों को बताकर तम्बाकू छोडने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सुभाष उ.मा. विद्यालय प्रचार्य श्रीमती आशा कटारे, संस्कार स्कूल प्रचार्य श्रीमती सुनीता पांडे एवं स्टाफ के साथ-साथ विद्यार्थी उपस्थित रहे।*

## नपाध्यक्ष के सामने महिलाओं ने लगाए हाय हाय के नारे

# 1250 रुपए मिल रहे हैं, उसी में से हजार रुपए भरोः अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

जिले की सबसे बड़ी नगर पालिका परिषद सारणी में सोमवार को उस समय राजनीति गरमा गई, जब सत्ता पक्ष के वार्ड की महिलाओं ने नगरपालिका अध्यक्ष हाय हाय के नारे लगा दिए। अध्यक्ष अपने खिलाफ लग रहे नारे से आक्रोशित होकर आग बबूला हो उठे और प्रदर्शन कर रही महिलाओं को लाड़ली बहन योजना के तहत मिल रहे 1250 रुपए में से हजार हजार रुपए करके 4 हजार रुपए जमा करने की नसीहत देते दिखे। अध्यक्ष ने कहा टैक्स के पैसे से ही योजना संचालित हो रही है। नल कनेक्शन के रुपए जमा करने ही होंगे। नगरपालिका अध्यक्ष की नसीहत सुनकर महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा और महिलाओं ने नगरपालिका कार्यालय परिसर में मटके फोडने शुरू कर दिए। महिलाओं में अध्यक्ष के प्रति इतना ज्यादा आक्रोश बढ़ गया कि नगरपालिका कार्यालय के गेट से अध्यक्ष को अंदर जाने से रोकते रहे। काफी मशक्कत के बाद नपा अध्यक्ष कार्यालय में प्रवेश हुए। यह पहला अवसर है, जब भाजपा शासित नगर पालिका सारणी में मौजूदा अध्यक्ष के खिलाफ सत्ता पक्ष के पार्षद पति समेत वार्ड वासियों ने आक्रोश व्यक्त किया है।



### कनेक्शन के रुपए से बड़ी नाराजगी

नगरपालिका परिषद सारणी अंतर्गत 36 वार्ड है। यहां 101 करोड़ रुपए की लागत से जल आवर्धन योजना का काम साल 2016 से चल रहा है। योजना के तहत नगर पालिका द्वारा डेढ़ साल पहले घरों घर नल कनेक्शन लगाए गए। इस समय नगर पालिका द्वारा कनेक्शन के रुपए को लेकर कोई बात नहीं की, बल्कि प्रतिमाह 150 रुपए पानी का बिल आने की बात कही गई। अचानक पानी के बिल की बात छोडक़र कनेक्शन के 4 हजार लिए जाने का नोटिस लोगों को दे देने से वार्ड वासियों में आक्रोश बढ़ गया। प्रति कनेक्शन 4 हजार मांगने के विरोध में वार्ड वासियों ने नगर पालिका का घेराव करना शुरू कर दिया।

### 13,500 है कनेक्शन

जल आवर्धन योजना के तहत नपा द्वारा पूरे शहर में 13500 कनेक्शन दिए गए हैं। इन कनेक्शन पर प्रति माह नपा द्वारा करीब 36 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। जबकि नपा द्वारा प्रति कनेक्शन 150 रुपए बिल की मांग की जा रही है। योजना के तहत नपा द्वारा सात टंकियां का निर्माण की हैं। जहां से सभी 36 वार्डों में पेयजल आपूर्ति की जाती है। इसके रखरखाव से लेकर बिजली और कर्मियों के वेतन तक प्रति माह खर्च करीब 36 लख रुपए नपा द्वारा वहन किया जा रहा है। फिलहाल 900 नल कनेक्शन की वसूली आ रही है। इनमें से 700 कनेक्शन पुराने हैं। जबकि 200 कनेक्शन नए हैं। यानी की 13300 नल कनेक्शन का भुगतान नपा को नहीं हो पा रहा है।

### भुगतान करना होगा

जल आवर्धन योजना के तहत प्रति नल कनेक्शन 4 हजार रुपए लिए जा रहे हैं। जिसका भुगतान करना ही होगा। योजना पर नगरपालिका प्रतिमाह करीब 40 लाख रुपए वहन कर रही हैं। इसके लिए जल शुल्क और नल कनेक्शन का भुगतान करना ही होगा। **कमलेश पटेल**, प्रभारी जल शाखा प्रभारी, नपा सारनी।

**CHANGE OF NAME**

I, ROSHANI DEVI is legally wedded spouse of No 15127882X Ex Hav (MACP Nb Sub) Devilal Dhakde presently residing Bhagat Singh Ward, Telephone Colony, Multai, Dist-Betul (M)-460661 **have changed my Name from Roshani Devi to Roshani Devi Dhakde** with date of birth 14/05/1988 (Fourteen May Nineteen Eighty Eight) vide affidavit dated 17/11/2025 before Notary, Betul (MP).

**CHANGE OF NAME**

I, No. 15127882X Ex Hav (MACP Nb Sub) Devilal Dhakde residing at Bhagat Singh Ward, Telephone Colony, Multai, Dist-Betul (MP)-460661 **have changed my daughter's Name from Kumari PRATIBHA to PRATIBHA DHAKDE** with DOB 05/08/2008 vide Affidavit dated 17/11/2025 before Notary Betul(MP).

**CHANGE OF NAME**

I, PRAVIN KUMAR is a legal son of No. 15127882X Ex Hav (MACP NbSub) Devilal Dhakde residing at Bhagat Singh Ward, Telephone Colony, Multai, Dist-Betul (MP) - 460661 **have changed my Name from PRAVIN KUMAR to PRAVIN DHAKDE** with DOB 31/07/2006 vide Affidavit dated 17/11/2025 before Notary Betul (MP).

**संक्षेप खबर**

## रामचरितमानस के 101 पाठ हुए पूर्ण



**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मरकाढाना में अखंड ज्योति जलाई गई है। तथा रामचरितमानस के 100पाठ पूर्ण होने के बाद 101वा पाठ चल रहा है। दादा दरबार में कार्य कर रहे हैं। जिसमें लगभग 250 लोगों की डियुटी लगाई गई है।सूरज पटेल मनोज रघुवंशी दुर्गेश वीरेंद्र मनीष रघुवंशी सहित तमाम जनप्रतिनिधियों ग्राम वासिसहयोग से लगातार कार्य चल रहा है। प्रतिदिन भंडार भी चल रहा है। सिर्फ पंचायत समिति सदस्य की तरफ से कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है।

## इटारसी में हुआ रोजगार मेले का आयोजन

**इटारसी।** नगर पालिका परिषद ने शहर की युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास करते हुए, वर्धमान ग्रुप, बुधनी के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया है। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने इस पहल को शहर की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।

रोजगार मेला उन अविवाहित युवतियों के लिए सुनहरा अवसर है जो रोजगार की तलाश में हैं, विशेषकर न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता वाली छात्राओं के लिए। शिविर 18 नवम्बर 2025 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक ऑडिटोरियम, गांधी मैदान के सामने, इटारसी में लगेगा। युवतियों को न्यूनतम 5वीं पास और आयु सीमा 18 से 26 वर्ष अनिवार्य है। अप्रेंटिसशिप के दौरान शुरुआती वेतन 12,125 रुपए प्रतिमाह मिलेगा। चयनित युवतियों को पहले 3 माह की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, जिसके बाद उन्हें स्थायी नियुक्ति प्रदान की जाएगी। कंपनी द्वारा बस और हॉस्टल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। नगर पालिका ने सभी पात्र युवतियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### कलेक्टर ने की विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा

# योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं हो : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




सोमवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागवार संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने योजना से संबंधित आवश्यक आंकड़ों का सूक्ष्मता से परीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन में सभी विभाग सतर्कता से कार्य करें जिससे पात्र लाभार्थियों को योजना के लाभ से लाभान्वित किया जा सके और कोई भी हितग्राही इससे वंचित न हो।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कृषि एवं उससे संबद्ध अन्य विभागों, स्वास्थ्य, रोजगार नगरीय विकास शिक्षा पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों के तहत संचालित योजनाओं एवं अभियानों की गहनता से समीक्षा की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं तथा अन्य विषयों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि कृषकों को व्यवस्थित तरीके से खाद वितरण किए जाने हेतु प्रबंधन को मजबूत किया जाए। बैठक के दौरान उपलब्ध उर्वरक एवं खाद की मात्रा के परीक्षण के उपरांत कलेक्टर ने सख्त रूप से निर्देश दिए की कृषि, सहकारिता तथा मार्कफेड गोदाम स्तर पर भंडारित लगभग 5500 एमटी और समिति स्तर पर भंडारित लगभग 2200 एमटी एनपीके/कॉम्प्लेक्स का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डीएपी के वैकल्पिक उर्वरक टीएसपी/एसएसपी/एनपीके के उपयोग तथा इनकी क्षमता से किसानों को अवगत कराया जाए तथा उन्हें जागरूक किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गोदाम में एवं समितियों के पास भंडारित एनपीके/कॉम्प्लेक्स का वितरण किसानों को किए जाने हेतु व्यापक स्तर पर इनके उपयोग के लिए प्रमाणिक जानकारी के साथ उन्हें प्रोत्साहित करें।

समीक्षा के दौरान उद्यानिकी विभाग द्वारा जानकारी दी गई की विभाग द्वारा उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र को बढ़ाने के लिए जिले के तीन विकासखंड केसला, माखननगर एवं नर्मदापुरम का क्लस्टर तैयार कर 500 महिला कृषकों को मांग आधारित सब्जियों की खेती के हेतु जोड़ा जा रहा है। साथ ही इसके विपणन हेतु भी व्यापक स्तर पर कार्य योजना तैयार की जा रही है ताकि प्राकृतिक रूप से तैयार की गई फसल का प्रदेश के शहरों में विक्रय किया जा सके तथा उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण प्राप्त हो। इसी प्रकार कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिए कि जिले में फसलों की सिंचाई हेतु किसानों को ड्रिप स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए भी इसके उपयोग, महत्व और लाभ से लगातार प्रोत्साहित किया जाए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए कि जिले में स्वीकृत शासकीय गौशालाओं का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही उन्होंने यह निर्देश भी दिए की निर्माण अधीन गौशालाओं के निर्माण कार्य भी अविलंब पूर्ण किए जाएं। इसी के साथ कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिए कि मुख्यमंत्री डेरी प्लस योजना के तहत तैयार प्रकरणों कि शीघ्र स्वीकृति हेतु संबंधित विभाग आवश्यक कदम उठाएं। इस दौरान उपसंचालक पशुपालन विभाग द्वारा जानकारी दी गई थी कामधेनु योजना अंतर्गत जिले को प्राप्त लक्ष्य सैचुरेटेड हो चुके है।

## कॉलेज के 1980 बैच का मिलन समारोह में पुरानी यादें ताजा हुईं




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय के सत्र 1979-80 (विज्ञान संकाय) के पूर्व छात्रों का एक भावुक और उत्साहपूर्ण मिलन समारोह रविवार को ईश्वर रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ। इस मित्र समागम में अपने व्यवसाय और नौकरी के कारण वर्षों पहले शहर छोड़ चुके छात्रों सहित करीब 50 पूर्व छात्र सपरिवार शामिल हुए। यह मिलन समारोह छात्रों के लिए अपने पुराने दिनों की यादों को ताजा करने का एक बेहतरीन मौका था।

### संस्मरण और मनोरंजन

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से गणेश वंदना और सरस्वती पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात, पूर्व छात्रों ने एक-दूसरे के साथ अपने महाविद्यालयीन जीवन के पुराने संस्मरणों और यादों को साझा किया। पूरे आयोजन के दौरान गीत, संगीत, नृत्य और मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का दौर चला, जिसमें सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपने बचपन और कॉलेज के दिनों को याद करने का प्रयास किया।

### सम्मान और आभार

प्रतियोगिताओं में सफल रहे पूर्व छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। अंत में, सभी पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। स्वागत उद्बोधन अजय शुक्ला ने दिया, संचालन सुधांशु मिश्र ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सुधीर गुप्ता ने किया। इस सफल आयोजन में पूर्व छात्र कृष्ण मोहन दुबे, अशोक तिवारी, सुनील तिवारी, मोहन मालवीय, सुनील पहुरकर, अनिल खंडेलवाल और रामकुमार चौधरी की सक्रिय भागीदारी रही।

## चौरसिया महासभा दिल्ली के 'अनमोल मणि सम्मान' समारोह इटारसी में कर्मठ महिलाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




चौरसिया महासभा दिल्ली महिला प्रकोष्ठ की ओर से स्थानीय ईश्वर सभागृह में 'अनमोल मणि सम्मान समारोह' में महिला प्रकोष्ठ की कर्मठ महिलाओं का सम्मान किया, जो दो चरणों में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ प्रोटोकॉल के तहत दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद मध्य प्रदेश की अध्यक्ष ममता मुकेश चौरसिया ने प्रार्थना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और नर्मदांचल के विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा रहे। महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. इंदु प्रदीप चौरसिया ने राष्ट्रीय, प्रादेशिक व स्थानीय पदाधिकारियों को सम्मानित किया। दूसरे चरण के सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक डॉ. शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना सीतासरन शर्मा ने आतिथ्य किया। विधायक डॉ. शर्मा ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दीं। सम्मान स्वरूप, आदर्श चौरसिया महिला मंच इटारसी ने विधायक को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

### राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं की भागीदारी

इस आयोजन में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान, और मध्य प्रदेश से लगभग साठ महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर मिसाल कायम की और सम्मान प्राप्त किया। नागपुर आदर्श चौरसिया महिला मंच ने इटारसी की आदर्श चौरसिया महिला मंच की महिलाओं का मोती माला पहनाकर विशेष सम्मान भी किया। दूसरे चरण में मुख्य रूप से सांस्कृतिक आयोजन में कराओके प्रतियोगिता और रेट्रो थीम प्रतियोगिता में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने भी प्रस्तुतियां दीं। मंच संचालन गीता चौरसिया और विनीता मोहन चौरसिया ने किया, जबकि मनोरंजक थीम प्रतिक्षा रोहित चौरसिया ने रखी। कार्यक्रम में शान्ति निकेतन स्कूल की वाइस प्रिंसिपल श्रीमती हेमा संदेश पुरोहित, मां नर्मदा स्कूल की संचालक अनिता दीपक अग्रवाल, माहेश्वरी समाज की महिला अध्यक्ष रेखा राठी, मालवीय समाज की अध्यक्षा अर्चना मालवीय और अग्रवाल समाज की महिला अध्यक्ष शोभा अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य महिलाएं और सामाजिक संस्थाओं की प्रतिनिधि मौजूद रहीं।

## पटवारी संघ ने उठाई चकबंदी विसंगतियों के सुधार की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




प्रांतीय पटवारी संघ ने नर्मदापुरम जिले के लगभग 80 ग्रामों में चकबंदी कार्य में आ रही विसंगतियों और त्रुटिपूर्ण राजस्व अभिलेखों के सुधार की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) इटारसी को एक ज्ञापन सौंपा है। संघ के तहसील अध्यक्ष देवी शरण पटेल ने बताया कि नवीन राजस्व अभिलेखों के निर्माण की प्रक्रिया में आवश्यक तकनीकी सुधार की सख्त जरूरत है, अन्यथा किसानों को भविष्य में और अधिक अभिलेख विसंगतियों का सामना करना पड़ेगा। पटवारी संघ ने किसानों के हित में कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित तीन प्रमुख मांगें रखी हैं।

तकनीकी का अनिवार्य उपयोग (केट कैंप तकनीक): संघ ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में केट कैंप तकनीक का उपयोग किए बिना इस प्रकार के डिजिटल रहित चकबंदी कार्य को पूर्ण करना कठिन है। तकनीकी के उपयोग से ही विसंगतियों का समाधान किया जा सकेगा और किसानों को भविष्य में परेशानी नहीं होगी। विशेष दल का गठन : पटवारी संघ ने चकबंदी के विसंगति सुधार कार्य को गुणवत्ता पूर्ण और समय सीमा में पूरा करने के लिए एक विशेष चकबंदी दल गठित करने की मांग की है। साथ ही, मांग की गई है कि इस दल को उनके नियमित कार्यभार से मुक्त किया जाए।

दक्ष कर्मचारियों की नियुक्ति : विशेष सर्वेक्षण कार्य के लिए तकनीकी रूप से दक्ष कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए। सुझाव दिया गया है कि 2015-16 में सिविल इंजीनियर योग्यता से सीधी भर्ती किए गए राजस्व निरीक्षकों और वरिष्ठ/सर्वेक्षण ज्ञान रखने वाले राजस्व निरीक्षकों को इस विशेष दल में शामिल किया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रांतीय पटवारी संघ से विजय किरार, संतोष परते, अनिल गठोले, अमर सिंह राठौर, मुकेश साहू, गौरव पाण्डेय, रूपेन्द्र बघेल, हर्ष गुप्ता, श्रेया गुप्ता और अनुराधा सोनी सहित कई पटवारी साथी उपस्थित रहे।

## सोहागपुर कॉलेज में किए भगवान बिरसा मुंडा जयंती व बाल संरक्षण सप्ताह पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




नगर के पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय में जनजाति गौरव वर्ष पखवाड़ा अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजन किया गया। वक्ताओं ने बिरसा मुंडा के जीवन वृत्त पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा के बारे में अपने व्याख्यान दिये गए। प्राचार्य डॉक्टर नीखरा ने कहा कि बिरसा मुंडा भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोकनायक थे। जिन्होंने ब्रिटिश काल के दौरान 19 वीं शताब्दी में आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया। जिससे वे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए। भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं और धरती आबा के नाम से उन्हें जाना जाता है। डॉ. नीखरा द्वारा स्थानीय जनजातीय एवं उनके महत्व के बारे में स्वयंसेवकों को बतया गया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में बाल संरक्षण सप्ताह का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्थानीय कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक एवं दो के द्वारा कॉलेज परिसर में बाल संरक्षण जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

## जान जोखिम में डालकर जलमग्न सड़क पार करने को मजबूर हैं बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



इटारसी के निकट ग्राम धाई के नयापुरा मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय है, जहां के निवासियों और खासकर स्कूली बच्चों को हर दिन पानी से गुजरकर स्कूल जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सड़क पर जलभराव की यह 'शर्मसार करने वाली तस्वीर' प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है।

स्थानीय निवासी विनोद वारिवा ने कहा कि इस छोटी-सी सड़क पर कम से कम एक पुलिया का निर्माण तुरंत होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जलभराव के कारण न केवल छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, बल्कि ग्रामीणों को भी अपने दैनिक कार्यों के लिए इस पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

समस्या समाधान के लिए उन्होंने कई बार आवेदन दिया है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। कुमरे ने आगे स्पष्ट किया कि पुलिया निर्माण कार्य में मुख्य बाधा फंड की कमी है। जैसे ही राशि उपलब्ध होती है, प्राथमिकता के आधार पर पुलिया निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा।

## मुस्कान संस्था में थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम, सत्येंद्र सिंह राठौड़ का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मुस्कान संस्था में सोमवार को थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थैलेसीमिया जनजागरण समिति के संरक्षक सत्येंद्र सिंह राठौड़ ने बालिकाओं को थैलेसीमिया के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह बीमारी आनुवांशिक होती है, जिसकी समय पर जांच और जागरूकता से बच्चों का जीवन सुरक्षित किया जा सकता है। मुस्कान संस्था में थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें थैलेसीमिया जनजागरण समिति के संरक्षक सत्येंद्र सिंह राठौड़ ने बालिकाओं को थैलेसीमिया के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बीमारी आनुवांशिक होती है और समय पर जांच व जागरूकता से बच्चों को सुरक्षित जीवन दिया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान मुस्कान संस्था की ओर से सत्येंद्र सिंह राठौड़ का सम्मान भी किया गया। संस्था ने उनके द्वारा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के हित में किए जा रहे निरंतर कार्यों को समाज में प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर अधिवक्ता रमेश साहू ने कहा कि इनरव्हील क्लब द्वारा जल्द ही स्वास्थ्य एवं थैलेसीमिया जांच शिविर लगाया जाएगा।कार्यक्रम में संस्था संचालक मनीष सिंह ठाकुर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि मुस्कान संस्था बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और जागरूकता के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में ऋतु राजपूत, शशांक राजपूत सहित मुस्कान परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## एमजीएम पीजी कॉलेज में पेपर आर्ट पर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, छात्रों को स्वावलंबी बनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से पेपर आर्ट (कागज की कलाकृतियां) पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में बैंगलोर से आए जाने-माने पेपर आर्टिस्ट डीके राय ने विद्यार्थियों और महाविद्यालय के फैकल्टी सदस्यों के सामने पेपर से विभिन्न कलाकृतियां बनाने की कला का प्रदर्शन किया।

प्राचार्य ने बताया स्वावलंबन का हुनर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस कला का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह हुनर विद्यार्थियों को रोजगार के क्षेत्र में स्वावलंबन प्रदान कर सकता है।

महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. पवन कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में पढ़ाई के साथ-साथ रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की भी उतनी ही आवश्यकता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस कला को सीखने में गहरी रुचि दिखाई।

### सेवा, संस्कार और स्वावलंबन

## आशा महेंद्र शुक्ल छात्रावास में महिलाओं का राष्ट्रीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न, 150 ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



राष्ट्रीय सेवा भारती एवं प्रांतीय 150 महिला प्रशिक्षण वर्ग का तीन दिवसीय कार्यक्रम इटारसी के समीप धुरपन स्थित आशा महेंद्र शुक्ला जनजाति कन्या छात्रावास में सफलतापूर्वक हुआ। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण वर्ग में देश भर से लगभग 150 महिलाओं ने सहभागिता की और सेवा कार्य से संबंधित विषयों पर गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा उपस्थित रहीं। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों राजकुमार मटाले अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख, रेनू पाठक राष्ट्रीय महामंत्री, अमिता अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य ने भी महिलाओं को विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को सेवा भारती के मुख्य उद्देश्यों—सेवा, संस्कार, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और समरसता—जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया। जिसके माध्यम से उन्हे सामाजिक उत्थान और सेवा कार्यों के लिए तैयार किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा भारती मध्य भारत प्रांत के संगठन मंत्री सुरेंद्र सोलंकी, जिला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया, विजय अग्रवाल, राजू अग्रवाल, जागृति भदोरिया, निर्मल राजपूत, कीर्ति दुबे, सीमा सोनी, सोनू मित्तल सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय योगदान दिया।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बूथ पर जाकर भरवाए फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सोमवार मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चौरे ने भगत सिंह शक्ति केंद्र एवं वार्ड 25-26 के अंतर्गत आने वाले बूथ क्रमांक 205, 206 और 207 पर मतदाता निरीक्षण कार्य का समीक्षा एवं निराकरण किया गया।

पिछले 4 दिनों से चल रही प्रमुख समस्याएं भाग संख्या का मेल न होना, विधानसभा क्रमांक 134 व 137 को लेकर असमंजस, नववधु एवं नई माताओं के रूप में भाग संख्या संबंधी त्रुटियां का समाधान किया गया। साथ ही, पार्षद कुंदन गौर एवं शुभम गौर, रोहित अहिवार, संजय मंडराई की उपस्थिति और सहयोग से कार्य संपन्न हुआ। एनवीएसपी पोर्टल पर आवश्यक फॉर्म नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने अपलोड कराए। संगठन ऐप पर नगर मंडल एवं शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं द्वारा किए निरीक्षण कार्य की जानकारी भी समय पर अपलोड की गई।

## खबर संक्षेप

### राज्य जैव विविधता क्विज 25 को

**हरदा।** मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल एवं व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज 2025 का आयोजन 25 नवम्बर को किया जा रहा है। जिला वन मण्डलाधिकारी हरदा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भाग ले सकते है। जिला स्तर पर कुल 100 टीमों की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों की टीम का पंजीयन 24 नवम्बर तक किया जाएगा। प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी वन मण्डल कार्यालय हरदा सामान्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय हरदा से प्राप्त की जा सकती है।

### शिक्षक की अचानक तबीयत बिगड़ी, मौत

**हरदा।** जिले के ग्राम बालागांव के सरकारी हाई स्कूल में सोमवार शाम एक जनशिक्षक की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें बालागांव से हरदा लाया जा रहा था, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनका निधन हो गया। प्रभारी प्राचार्य कमलेश पारे ने बताया कि मंगलवार को बच्चों की ओलंपियाड परीक्षा होनी थी। जनशिक्षक रामचंद्र ओसले अन्य शिक्षकों के साथ परीक्षा की तैयारी में जुटे थे। तैयारी के दौरान ही ओसले की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्होंने साथी शिक्षकों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद उन्हें तत्काल एक निजी वाहन से हरदा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जनशिक्षक ओसले के परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। उनके निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर छा गई है।

### एक माह बीता नकली खाद गिरोह पर नहीं हुई कार्रवाई

**भैरूंदा।** क्षेत्र में किसानों को 700 में से 500 कट्टी नकली खाद बेचकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह पर एक महीने बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने से किसानों में भारी रोष है। पुलिस द्वारा 14 अक्टूबर को मामला दर्ज किए जाने के बावजूद अब तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी न होना ग्रामीणों के आक्रोश को बढ़ा रहा है। किसान संगठनों का कहना है कि पुलिस का यह धीमा रवैया आरोपियों को संरक्षण देने जैसा प्रतीत होता है। 10 अक्टूबर को राजस्व व कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने गोपालपुर क्षेत्र के निमोटा व महागांव कदीम में दबिश देकर 200 कट्टी संदिग्ध खाद जब्त की थी। बैग खोलने पर उनमें कोयले की राख जैसी सामग्री मिली, जो बड़े पैमाने पर की गई धोखाधड़ी का स्पष्ट प्रमाण है। सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। यह कार्रवाई सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह राजपूत की सतर्कता से संभव हुई। पांच आरोपियों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम व उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत मामला दर्ज होने के बाद भी पुलिस एक भी आरोपी को पकड़ नहीं सकी है। तेज सिंह राजपूत, नालियाखेड़ा , अजय सिंह राजपूत, शमशाबाद, कैलाश सिंह राजपूत, पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत, निमोटा, शालिग्राम, महागांव कदीम फरार है।

### सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में श्रेष्ठ प्रदर्शन सीएमएचओ की सराहना की

# एसआईआर कार्य को गंभीरता से करें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: कलेक्टर

### एसडीएम मंडियों का निरीक्षण करउपज की समय पर तुलाई सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में नियुक्त बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स को गंभीरता से यह कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियत कार्यक्रम अनुसार यह कार्य उच्च प्राथमिकता के साथ किया जाना है। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागीय जिला प्रमुखों से अपेक्षा है कि इस कार्य में नियुक्त उनके मातहत कर्मचारियों को बिना किसी अवरोध कार्य करने दें। सोमवार को आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह की सराहना की। साथ ही जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं अन्य विभागों द्वारा संतोषजनक प्रदर्शन न किये जाने पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से कहा कि वे कृषि उपज मण्डियों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि किसानों द्वारा लाई जा रही उपज की सही समय पर तुलाई हो। भावान्तर योजना से संबंधित किसानों की शिकायतों का भी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों द्वारा तत्परता से समाधान किया जाए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों द्वारा नल जल योजनाओं की उपभोक्ताओं से शुल्क वसूली पर ध्यान दिये जाने के भी निर्देश दिये। बैठक में विभिन्न योजनाओं के तहत आवंटित लक्ष्य पूर्ति की भी कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

#### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट हुआ 4236 रुपए

भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 17 नवंबर को 4236 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए तथा 16 नवंबर को 4234 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

#### मंडी में नहीं होगी अनाज की खरीदी

कृषि उपज मंडी में 20, 22 और 23 नवंबर को कृषि उत्पादों का घोष विक्रय (नीलामी) नहीं होगा। मंडी प्रशासन ने किसानों से इन तारीखों पर अपनी उपज मंडी प्रांगण में न लाने की अपील की है। मंडी सचिव हरनारायण भिलाला ने बताया कि 20 नवंबर (गुरुवार) अमावस्या का अवकाश है। इसके बाद, 22 नवंबर, शनिवार को बैंक अवकाश रहेगा और 23 नवंबर, रविवार को शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। इन लगातार अवकाशों के कारण मंडी में नीलामी प्रक्रिया संभव नहीं होगी। इसलिए, किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे असुविधा से बचने के लिए इन तीन दिनों में अपनी कृषि उपज मंडी में न लाएं।

### भीम आर्मी ने की थी शिकायत

## हर्ष फायर करने वाले भाजपा नेता पर मामला दर्ज किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

रहटगांव थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर हर्ष फायरिंग करने के आरोप में एक भाजपा नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला 2 नवंबर को दीपावली उत्सव के दौरान ग्राम कचनार में हुई घटना से संबंधित है।

भीम आर्मी के संभागीय संयोजक महेंद्र काशिव ने बताया कि बैतूल जिले के चिचोली थाना क्षेत्र के भीमपुर निवासी संतुलाल पिता मिश्रीलाल सूर्यवंशी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वीडियो में वे 2 नवंबर को हरदा जिले के ग्राम कचनार में दीपावली उत्सव के दौरान ग्रामीणों के बीच बंदूक चलाते हुए दिख रहे थे। काशिव ने इस वीडियो के आधार पर हरदा एसपी को आवेदन देकर भाजपा नेता संतुलाल सूर्यवंशी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सार्वजनिक स्थान पर फायरिंग करने से ग्रामीणों में भय का माहौल पैदा हो गया था। उनकी शिकायत के बाद रहटगांव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। रहटगांव थाना प्रभारी मनोज दुबे ने जानकारी दी कि महेंद्र काशिव की शिकायत के आधार पर संतुलाल यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और आगे वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### बिजली कार्यालय समझौता करने को तैयार

## नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को, प्रकरण समझौते के माध्यम से निराकृत किए जाएंगे

**हरदा।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 13 दिसंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी।

कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आकलित सिविल दायित्व राशि रूपये दस लाख तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

### मसनगांव से लगभग 11 किमी का विहार कर हरदा जैन स्थानक भवन में आई

## चातुर्मास कर विचरण करते जैन साध्वियों का मंगल प्रवेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



आचार्य I मलाल महाराज साहब की अज्ञानुवर्तीनी शासन दीपिका साध्वी प्रज्ञा श्रीजी महाराज साहब ठाणा 4 जीवन परिवर्तन चातुर्मास 2025 खिरकिया साआनंद संपन्न करके ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए 17 नवबंर को मसनगांव से लगभग 11 किलोमीटर का विहार कर हरदा जैन स्थानक भवन में आए ।

विहार सेवा, अनमोल सेवा है। विहार सेवा का लाभ श्री श्वेतांबर जैन श्री संघ खिरकिया के सुनीता हरकचंद सांड, आशीष समदड़िया - रत्ना समदड़िया, मोहन सोनी, विजेंद्र राजपूत, कुमारी श्रुति रांका, पारस चोरड़िया, मसनगांव के राजू चौधरी सहित हरदा श्री संघ के पंकज बाफना,राजकुमार बाफना,देवेंद्र बाफना एवं श्री संघ की श्राविकाओं ने भी उत्साह पूर्वक लाभ लिया। विहार सेवकों की नवकारसी का लाभ मनोज चपलोद परिवार ने लिया। साथ ही हरदा कलेक्टर महोदय सिद्धार्थ जैन को दर्शन सानिध्य का लाभ लेने हेतु पंकज बाफना, आशीष समदड़िया, मोहन सोनी, विजेंद्र राजपूत, पारस चोरड़िया ने पधारने का आमंत्रण,निवेदन किया उन्होंने भी दर्शन सानिध्य का लाभ लेने की भावना व्यक्त की। इस अवसर पर श्रावक -श्राविकाएं एवं श्रृद्धाशील गुरु भक्त उपस्थित थे।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में करियर अवेयनेस सेमिनार संपन्न

## संस्था के विद्यार्थियों को काउंसलरों ने मार्गदर्शन दिया



**हरदा।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में सोमवार को जिला रोजगार कार्यालय हरदा के माध्यम से करियर अवेयरनेस सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में संस्था के विद्यार्थियों को काउंसलर ज्योति तिवारी और जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मणसिंह सिलोटे ने मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में ट्रेनिंग प्लेसमेन्ट अधिकारी विकास भुमरकर, अतिथि व्याख्याता पुणेन्द्र पटेल और दीप्ती उपाध्याय उपस्थित रहे।

### फॉलोअप: एंबुलेंस में पकड़ी थी शराब

## पुलिस शराब परिवहन, तस्करी के तार खोजने में लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या




चित्तौड़गढ़-भुसावल राष्ट्रीय मार्ग से 108 एंबुलेंस-वाहन में 52 पेटी शराब-तस्करी ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग को शर्मसार कर दिया है। बहरहाल, शराब-परिवहन के इस नायाब-तरीके ने प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग के समक्ष चुनौती खड़ी कर दी है। वहीं,तस्करी के तार कहाँ जुड़ें हैं? इस सवाल का जबाब अभी नहीं मिला है। सायरन की गूंज और नीली बत्ती की रोशनी में "शराब-तस्करी" के इस दुस्साहस-पूर्ण तरीके से सर्वत्र हडकंप मचा हुआ है। हालांकि इस आदिवासी अंचल में सीमावर्ती क्षेत्रों से रात के अँधेरे में शराब की तस्करी आम बात हो गई है। लेकिन इस घटना ने पुलिस और आबकारी विभाग के समक्ष कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यह गोरख-धंधा कब से चल रहा था? वाहन में कहाँ से शराब भरी गई और वह किस रुट से आ रही थी.? यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि उक्त वाहन मंडलेश्वर का है और चिरिया की ओर से आते हुए देखा गया था। जबकि सीमावर्ती क्षेत्रों के शराब-कारोबार से जुड़े लोगों और उनके सहयोगियों की संदिग्ध-गतिविधियों ने कई आशंकाओं को जन्म दे दिया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों हेलापडावा पुलिस चौकी के बैरिकेड्स तोड़कर वाहन भगाकर ले जाने का प्रयास किया गया था। लेकिन मौका पाकर चालक फरार हो गया,लेकिन वाहन सहित 52 पेटी (मूल्य रु.2.82.500) शराब बरामद करने में पुलिस को सफलता मल गई,लेकिन चालक फरार हो गया था। थाना प्रभारी सेमलिया गहलोद ने बताया कि पुलिस बड़ी तत्परता से विवेचना कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

### जिम्मेदारों की अनदेखी से सीवरेज प्रोजेक्ट में बरती जा रही भारी लापरवाही

## पार्षद का आरोप: नाली में डाला जा रहा सीवेज पाइप, बोले-कंपनी कर रही है सिर्फ खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा



शहर में वर्ष 2018 से चल रहा 39 करोड़ रुपए का बहुप्रतिक्षित सीवरेज प्रोजेक्ट सात साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। अब स्थिति यह है कि काम में हो रही देरी और जल्दबाजी के चलते सीवरेज कंपनी द्वारा गंभीर लापरवाही बरती जा रही है और केवल कार्य की इतिश्री (खानापूर्ति) की जा रही है।

लापरवाही का ताजा मामला शास्त्री कॉलोनी स्थित वार्ड क्रमांक 13 में सामने आया। जहां कंपनी के कर्मचारी नाली में ही सीवरेज पाइप डाल रहे थे। जिससे भविष्य में नाली के चौक होने और जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। स्थानीय पार्षद गौरव शर्मा (लड्डू) ने अनियमितता को देखते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर सीवरेज पाइप डालने का काम रुकवा दिया। पार्षद ने सख्त लहजे में कहा कि सीवरेज कंपनी केवल कार्य की खानापूर्ति कर रही है और काम की गुणवत्ता को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सितंबर 2018 में विश्व बैंक की सहायता से बन रही करोड़ो रुपए की मल-जल (सीवरेज) योजना का ई-शिलान्यास सागर से किया था। योजना की कुल लागत 39.1 करोड़ रुपए हैं । जिसमें 33.6 करोड़ रु. और 10 वर्ष के संचालन व संधारण की लागत 5.95 करोड़ हैं। इस कार्य का ठेकेदार द्वारा 10 वर्ष तक संचालन व संधारण किया जाना है। योजना के तहत 4.2 एमएलडी का एक ट्रीटमेंट प्लांट, 42.33 किमी की पाइपलाइन बिछाना था। इसमें1036 मेन होल, 232 मेन होल (2 मीटर गहराई वाले), और 993 मेन चेंबर (1.5 मीटर गहराई वाले बनाए जाना हैं। इतना ही नहीं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पौधारोपण कर उनके पेड़ बनने तक पोषण करने की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की थी । इस योजना को वर्ष 2049 तक अनुमानित जनसंख्या 44232 के आधार पर प्रस्तावित किया गया था, लेकिन सात वर्षों बाद भी काम पूरा न होने और अब गुणवत्ता में हो रही अनदेखी से इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की सफलता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

#### कंपनी नाली में डाल रही निकासी पाईप

शास्त्री कॉलोनी में मल जल निकासी के लिए छोड़ी गई गली अब अतिक्रमण का शिकार हो चुकी है। स्थिति यह है कि यहां पर बने हुए नाले ने अब नाली का रूप ले लिया है। नगर परिषद के द्वारा भी यहां पर बिना अतिक्रमण हटाए ही नाली का निर्माण कर दिया गया। अब सीवरेज कंपनी शास्त्री कॉलोनी निवासियों पर मेहरबानी करते हुए नाली में ही मल जल निकासी के पाइप डाल रही हैं। काम की जल्दबाजी में कंपनी के द्वारा किए जा रहे इस कार्य को कोई देखने वाला नहीं है। वार्ड क्रमांक 13 में जब यह स्थिति दिखाई दी तो पार्षद ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए इस पर रोक लगा दी। हालांकि जिस दौरान सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए सर्वे का कार्य किया जा रहा था उस समय शास्त्री कॉलोनी मैं मल निकासी के लिए मैनहोल बनाने का कार्य छोड़ी गई जगह पर ही किए जाने की बात कही गई थी। लेकिन उस दौरान सर्वे टीम के द्वारा इसे नकार दिया गया। अब जिस कंपनी के द्वारा हाउस कनेक्शन किया जा रहे हैं वह पीछे से लाकर आगे बनाए गए मेनहोल में जोड़े जा रहे है।

#### सीवरेज प्रोजेक्ट में सिर्फ खानापूर्ति जनता के पैसों की हो रही बर्बादी

वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद गौरव शर्मा ने कहा कि सात साल से काम पूरा नहीं हुआ और अब यह कंपनी नाली की गंदगी बिना साफ किए ही पाइप डाल रही है। यह सिर्फ खानापूर्ति है, यह जनता के 39 करोड़ रुपए की सीधी बर्बादी है।जिस नाली में कीचड़ और मलबा भरा हुआ है, उसमें सीवरेज पाइप डालने का क्या औचित्य है? यह पाइप आज नहीं तो कल चोक होंगे और इसका खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ेगा। जब तक काम सही गुणवत्ता से नहीं होगा तब तक मैं इस वार्ड में पाइप नहीं डालने दूंगा। स्थिति यह है कि नगर परिषद में चल रहे इस कार्य को न कोई देखने वाला है और न कोई सुनने वाला, लेकिन हम चुप नहीं बैठेंगे। कंपनी के द्वारा जहां पर भी नाली में पाइप डाले गए हैं वहां उन सभी पाइपों को निकलवा कर सही डलवाया जाएगा। पार्षद ने आरोप लगाया कि मैन होल में कलेक्ट करने के लिए जो पाइप डाले जा रहे हैं उनका स्तर भी घटिया है।

#### शिकायत पर किया गया है अमल

इस मामले में प्रोजेक्ट के इंजीनियर फुरकान अली ने कहा की पार्षद के द्वारा शिकायत की गई थी उसके आधार पर कार्य रुकवा दिया गया है और नाली में पाइप नहीं डाले जाने को कहा गया है।

### साइबेरिया पैंथर ने कृष्णा ब्लास्टर को 28 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही कृष्णा ट्राफी में रविवार को खेले गए एक मुकाबले में साइबेरिया पैंथर ने कृष्णा ब्लास्टर को 28 रन से हराया। इस मैच में गौरव पिचोनिया ने पैंथर की ओर से 85 गेंद पर 150 रन की विस्फोटक पारी खेली, इसके अलावा नीरज मेहरा ने 43 रन बनाए।डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी साइबेरिया पैंथर ने निर्धारित 35 ओवर में आठ विकेट खोकर 312 रन बनाए थे। इस मैच में नीरज मेहरा ने 43 रन, गौरव पिचोनिया ने 85 गेंद पर छह छक्कों की मदद से 150 रन, पियुष ने 19 रन, अतुल त्रिवेदी-कृष्णा ने 25-25 रन की पारी खेली।